तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 कसहीबाहरा स्कूल में मनाया गया पराक्रम दिवस



16 रातोंरात गायब हुए सागौन के लट्ठे, ...



## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस भवन में ध्वज फहराएंगे द्वारिकाधीश यादव

महासमुंद। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सोमवार को स्थानीय कांग्रेस भवन महासमुंद में 8:30 बजे खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव द्वारा झंडा फहराया जाएगा। इस अवसर पर समस्त कांग्रेसजनों से एवं नागरिकों से उपस्थित रहने की अपील शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला ने की।



### एक्सीडेंट में एक महिला घायल

महासमुंद। स्कूटी से अपने घर जा रहे एक महिला एक वाहन की ठोकर से घायल हो गई। मामला बागबाहरा थाना अंतर्गत एनएच 53 पिथौरा चौक के पास का है। पुलिस को वार्ड नंबर 10 निवासी व व्यवहार न्यायालय में सफाई कर्मी पिंकी टोंडेकर ने बताया कि वह दोपहर में खाना खाने के लिए अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचबी 6592 से घर जा रही थी, लगभग 12:30 बजे ए एच 353 पिथौरा चौक के पास सामने से आ रहे एक ग्रे कलर की बिना नंबर टीवीएस जुपीटर के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे दांये हाथ, कमर, चेहरे, दोनों पैरों के घुटनों में चोट लगी है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### चाकू से पिता-पुत्र पर हमला

महासमुंद। शोभायात्रा में चाकू लेकर नाच रहे एक युवक ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया, जिससे वे दोनों घायल हो गए। मामला तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम जोबा का है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तरूण साहू पिता रामनारायण साहू (19 साल) ने पुलिस को बताया कि ग्राम जोबा में राम मंदिर निर्माण के लिए शोभायात्रा निकाली गई थी, जिसमें वह अपने पिता के साथ शामिल हुआ था। शोभायात्रा के दौरान रात्रि करीबन 7.30 बजे गांव के समारू डहरिया के घर के सामने गांव का रूपेश मन्नाडे अपने हाथ में चाकू लेकर नाचने लगा, जिसे योगेंधर यादव, वासदेव ध्रुव एवं मनीष यादव ने चाकू लेकर नाचने के लिए मना किया। तब रूपेश मन्नाडे इन लोगों के साथ विवाद करने लगा, जिसे छुड़ाने के लिए पिता रामनारायण साहू गए, आरोपी ने अपने हाथ में रखे चाकू से उसके पिता के पेट में वार कर दिया। जब प्रार्थी ने छुड़ाने का प्रयास किया तब आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया।

# बिखरेगी सांस्कृतिक छटा और नजर आएगी देशभक्ति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह के लिए शनिवार को अंतिम और फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। पूर्वाभ्यास में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार मौजूद रहे। अफसरों ने व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लिया। शनिवार ठीक 9 बजे शुरू हुई रिहर्सल में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने मुख्य अतिथि की भूमिका में नजर आए और परेड की सलामी ली। रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप के नेतृत्व में पुलिस बल, नगर सैनिक, एनसीसी और एनएसएस की कुल 10 टुकड़ियों ने मार्चपास्ट किया। जवानों के जोश और अनुशासन ने कार्यक्रम स्थल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। मुख्य समारोह में सांसद रूपकुमारी चौधरी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगी। इस दौरान जिले के शहीद परिवारों का सम्मान किया जाएगा और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। रिहर्सल के अंत में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह के दिन आम जनता के लिए बैठने, पेयजल और सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित हो, ताकि जिलेवासी इस राष्ट्रीय उत्सव को पूरे हर्षोल्लास के साथ मना सकें।

## मिनी स्टेडियम में हुई गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

### बच्चों का संगीतमय प्रदर्शन और सांस्कृतिक झलक

इस वर्ष के समारोह में बच्चों की भागीदारी मुख्य आकर्षण होगी। रिहर्सल के दौरान 16 अलग-अलग स्कूलों के लगभग 1000 छात्रों ने एरोबिक्स, जुंबा और पीटी (व्यायाम) का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, 6 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय भावना और छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित गीतों पर अपनी अंतिम प्रस्तुति दी।



### विभिन्न विभागों की जीवंत झांकियां

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली 13 विभागों की भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। इनमें मुख्य रूप से शामिल विभाग हैं, वन, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं उद्यानिकी, कृषि, पशुपालन और मछली पालन, आदिवासी विकास, पीएचई, क्रेडा और खाद्य विभाग शामिल हैं।

## कार्रवाई : सांकरा पुलिस ने किया 19.84 लाख रुपए का गांजा बरामद

# तस्करों की गाड़ी की टक्कर से पुलिस वाहन में लगी आग, फरार हुए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फिल्मी स्टाइल में भाग रहे गांजा तस्करों ने अपनी गाड़ी से पुलिस वाहन को टक्कर मार दिया, जिससे आग गई। इसी दौरान तस्कर अपनी गाड़ी को छोड़कर भाग निकले। सांकरा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की गाड़ी से 19.84 लाख रुपए का 36.68 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

सांकरा पुलिस को 23 जनवरी को सूचना मिली थी ओडिशा की ओर से थाना सांकरा के सरहदी गांवों से होते हुए रास्ता बदल-बदल कर एक सफेद रंग की ईको कार कमांक एमपी 05 जेडई 8685 ग्राम सलडीह, सांकरा होते हुए हाईवे से होकर रायपुर की ओर जाने वाली है। शासकीय वाहन खराब होने के कारण स्टाफ के आरक्षक रमाकांत साहू, आरक्षक उत्तरा कुमार शांते, आरक्षक जितेंद्र ध्रुव, आरक्षक रामेश्वर सोनी आदि आर रमाकांत साहू के निजी वाहन कार क्रमांक सीजी 04 एचडी 8925 व मोसा क्र सीजी 06 जीपी 8978 से रवाना हुए और ग्राम सलडीह में संदिग्ध वाहनों की चेंकिग शुरू की। कुछ देर के बाद एक सफेद रंग की संदिग्ध ईको कार तेज रफ्तार से आती नजर आई। सलडीह मेन रोड में स्टापर लगाकर घेरने पर रोड में पुलिस को देखकर संदिग्ध वाहन क्रमांक एमपी 05 जेड ई 8685 ग्राम सलडीह से डोंगरीपाली जाने वाली कच्ची मार्ग में तेजी से भाग निकले, जिनका पीछा निजी वाहन सीजी 04 एचडी 8925 से किया गया।




आगे कुछ दूर जाकर गांव के बाहर कच्ची मार्ग से संदेहियों की वाहन वापस मुड़कर आने लगी जिसे रोकने के लिए पुलिस स्टाफ द्वारा स्वयं के कार को कच्चे मार्ग में ही खड़ा कर दिया गया। जिस पर संदिग्ध वाहन के चालक द्वारा पुलिस की निजी वाहन में बैठे स्टाफ को जान से मारने के नीयत से अपने ईको कार को दो-तीन बार आगे पीछे कर के तेज गति से एक्सीडेंड किया, जिससे कार क्रमांक सीजी 04 एचडी 8925 होंडा सिटी में आग लग गई और उसमें बैठे सभी स्टाफ जान बचाकर कार से कूदे, इस दौरान ईको कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। उक्त ईको कार में सवार संदिग्ध लोग अंधेरे का फायदा उठाते हुए वाहन छोड़कर फरार हो गए। जब पुलिस ने इको कार की तलाशी ली तो उसमें से 36.68 किलो ग्राम गांजा कीमत 19,84,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 324 (5), 132, 109 बीएनएस एवं 20ख एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### लगभग साढ़े तीन लाख का गांजा बरामद

सांकरा पुलिस ने गांजा परिवहन के एक अन्य मामले में गुरु घासीदास चौक सांकरा में आरोपी आशीष साहू पिता स्व. छत्रपाल साहू (30 साल) भवानी मंदिर दर्री थाना बालको जिला कोरबा, शंकर लाल साहू पिता जीवन लाल साहू (31 साल) रानीगांव थाना बाराद्वार जिला सक्ती के कब्जे से 6.936 किग्रा गांजा कीमत 346800 रुपए का गांजा बरामद किया है। आरोपियों के कब्जे से गांजा के अलावा बाइक कीमत 100000 रुपए व मोबाइल जब्त किए गए है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# धान खरीदी केंद्र में आठ लाख से अधिक का गबन, समिति प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी के सीजन में गड़बड़ी करने वालों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिले के बसना थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदीशपुर धान उपार्जन केंद्र में सरकारी धान के गबन का एक बड़ा मामला सामने आया है। इस मामले में समिति प्रभारी कुशाग्र प्रधान के खिलाफ पुलिस ने एफ.आई.आर. दर्ज कर ली है। मामले का खुलासा तब हुआ जब 21 जनवरी को एसडीएम पिथौरा, बजरंग वर्मा ने जगदीशपुर केंद्र का औचक निरीक्षण और भौतिक सत्यापन किया। ऑनलाइन रिकॉर्ड के मुताबिक, केंद्र में 14,126.40 क्विंटल धान स्टॉक में होना चाहिए था। समिति प्रभारी ने दावा किया कि यह धान 35,316 पैकेटों में भरकर 22 स्टैक में रखा गया है। लेकिन जब अधिकारियों ने मौके पर पैकेटों की गिनती की, तो वहां केवल 34,666 पैकेट ही मिले। जांच में पाया गया कि कुल 650 पैकेट धान गायब है। इसके आधर पर समर्थन मूल्य का नुकसान 6,15,940 रुपए, कृषक उन्नति योजना राशि



1,90,060 रुपए एवं कुल गबन की राशि आठ लाख छह हजार रुपए आंकी गई हैं।

### प्रशासन की सख्त कार्रवाई

जांच दल ने पाया कि समिति प्रभारी कुशाग्र प्रधान ने शासन की धान नीति 2025-26 का उल्लंघन किया है। यह कमी किसी गलती की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से की गई थी। एसडीएम की रिपोर्ट के आधार पर 23 जनवरी को बसना थाने में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

### वन अग्नि रोकथाम के लिए एक दिवसीय कार्यशाला

महासमुंद। जंगलों को अग्नि से सुरक्षित रखने तथा आगामी अग्नि मौसम की प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 23 जनवरी को वन विद्यालय महासमुंद में वनमंडल स्तरीय एक दिवसीय वन अग्नि रोकथाम एवं बचाव कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह कार्यशाला मयंक पांडेय, वनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में हुई। कार्यशाला में गोविंद सिंह उपवनमंडल अधिकारी महासमुंद, डिंपी बैस, उपवनमंडल अधिकारी पिथौरा, उदेराम बसंत, उपवनमंडल अधिकारी सरायपाली, निखिल पैकरा, अनुदेशक वन विद्यालय सहित वनमंडल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, फायर वॉचर, वन चौकीदार एवं समिति सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान आगामी अग्नि मौसम को दृष्टिगत रखते हुए वनाग्नि की रोकथाम, पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली तथा जन-जागरूकता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत एवं गंभीर चर्चा की गई। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अग्नि मौसम प्रारंभ होने से पूर्व फायर लाइनों का निर्माण, संवेदनशील वन क्षेत्रों की सतत निगरानी, तथा प्राप्त प्रत्येक सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।वनमंडलाधिकारी पांडेय ने अपने उद्बोधन में बताया कि जंगलों में आग लगने के प्रमुख कारणों में महुआ संग्रहण, तेंदूपत्ता बुटा छोपाई, खेत एवं बाड़ी की सफाई, पिकनिक के दौरान लापरवाही, बीड़ी-सिगरेट का अनुचित उपयोग, विद्युत तारों से उत्पन्न चिंगारी तथा होली पर्व के समय असावधानी सम्मिलित हैं। इन कारणों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन को जागरूक करने हेतु निरंतर प्रयास किए जाने पर विशेष बल दिया गया। वनाग्नि से वन संपदा को गंभीर क्षति, मृदा की उर्वरता एवं नमी में कमी, वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों को नुकसान होता।

# युवक की बेरहमी से पिटाई, पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा तहसील अंतर्गत सांकरा थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम बड़ेलोरम में एक युवक के साथ गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा मारपीट, गाली-गलौज और घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने की घटना हुई है।

हैरानी की बात यह है कि पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने उसकी शिकायत दर्ज करने से मना कर दिया, जिसके बाद अब न्याय के लिए उसने जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। घटना की शुरुआत 19 जनवरी को हुई। ग्राम बड़ेलोरम निवासी 23 वर्षीय सरविंद्र प्रधान का बछड़ा कहीं खो गया था। जब वह गांव की गलियों में अपने बछड़े की तलाश कर रहा था, तभी गांव के ही देवेश प्रधान ने बछड़ा खुला छोड़ने की बात को लेकर सरविंद्र को गालियां देना शुरू कर दिया।

जब सरविंद्र ने इस दुर्व्यवहार का विरोध किया, तो विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते निलेश प्रधान और देवेश प्रधान वहां पहुंच गए और तीनों ने मिलकर सरविंद्र पर हमला कर दिया। हाथ मुक्कों से की गई इस मारपीट में पीड़ित के गले पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। गनीमत रही कि गांव के कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया, जिससे उसकी जान बच सकी।

### घर में घुसकर दी जान से मारने की धमकी

पीड़ित के अनुसार, मारपीट के बाद भी आरोपियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। कुछ ही देर बाद राजकुमार, नुआजन, गजेंद्र, नितेश और देवेश सहित कुल सात लोग लाठी-डंडों से लैस होकर सरविंद्र के घर पहुंच गए। उन्होंने जबरन घर में घुसने की कोशिश की और चिल्लाकर सरविंद्र को बाहर निकालने तथा उसे जान से मारकर फेंक देने की धमकी देने लगे।

दहशत के मारे सरविंद्र और उसका परिवार घर के अंदर छिप गया और दरवाजा बंद कर लिया। पीड़ित का कहना है कि अगर उस वक्त दरवाजा नहीं लगा होता, तो आरोपी कोई बड़ी अनहोनी कर सकते थे।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

इस मामले में सबसे गंभीर पहलू पुलिस का रवैया बताया जा रहा है। पीड़ित सरविंद्र और उसके पिता तेजकुमार प्रधान का आरोप है कि जब वे शिकायत दर्ज कराने सांकरा थाना पहुंचे, तो पुलिस ने उनकी रिपोर्ट लिखने से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, उन्हें आवेदन की पावती तक नहीं दी गई। वहीं दूसरी ओर, आरोपियों द्वारा पीड़ित परिवार के खिलाफ ही झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की जा रही है।

फिलहाल, पीड़ित परिवार ने न्याय की उम्मीद में उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और हमलावरों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियां हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय शंकराचार्य संस्कृतिक भवन में राष्ट्रीय बालिका दिवस सह महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष देवीचंद राठी , विशिष्ट अतिथियों में पूर्व पालिका अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद पवन पटेल, संदीप घोष, प्रशांत श्रीवास्तव, बंटी शर्मा, वार्ड पार्षद पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, सुनैना पप्पू ठाकुर, राजेंद्र भारती चंद्राकर, युवा पार्षद धनेश्वरी सोनवानी, राहुल आवड़े, रोशन बग्गा, सरपंच सजन यादव, निरंजना शर्मा, नैनी सिंह आदि रहे।

विधायक सिन्हा द्वारा बालिका सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा की बालिकाएं सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रही हैं विशेष कर खेल के क्षेत्र में मिली सफलता के लिए राष्ट्रीय राज्य स्तरीय स्पर्धाओ में सफलता के परचम लहराने वाली बालिकाओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही यह सफलता बालिकाओं की सफलता के साथ यह परिवार एवं समाज की सफलता है बालिकाओं को धैर्य एवं अनुशासन प्राप्त करने के महत्व सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताया बेटियों के महत्व की सराहना



करते हुए उन्होंने कहा कि जिस घर में बेटियां होती हैं उसे घर में वास्तु वास करता है उसे घर को वास्तु दोष नहीं होता है। विधायक द्वारा खेलों में विशिष्ट पहचान बनाने वाली बालिकाओं को शाल श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकेंद्र जटवार ने बताया कि सन 2008 से राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाया जा रहा है।

### इन बालिकाओं का किया गया सम्मान

दिव्या रंगारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया और बास्केटबॉल में मेडल प्राप्त किया। नवलीन कौर सब जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप अरुणाचल प्रदेश में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। पदमा साहू राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी चैंपियनशिप इंफाल मणिपुर में व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया। लीना सोनवानी राज्य स्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता बालोद में रजत पदक प्राप्त किए। ईश्वरी साहू राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता कबीरधाम में प्रतिनिधित्व किया। पूजा साहू राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता बिलासपुर में प्रतिनिधित्व किया। भुवनेश्वरी यादव राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता सरगुजा में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। अनुराधा ध्रुव राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता बिलासपुर में प्रतिनिधित्व किए। दिव्या ठाकुर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता राजनांदगांव में प्रतिनिधित्व किया। नीलम कोसले राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता राजनांदगांव में प्रतिनिधित्व किया। जागृति महानंद राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता ओपन राजनांदगांव में प्रतिनिधित्व किया। इनके अलावा परियोजनाओं द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका का सम्मान भी किया गया। इसी क्रम में शकुन यादव, राधा सेंन, कृष्णी बाई दीवान, टीना बंजारे, भुवन ठाकुर, नर्मदा साहू, मंटोरा दीवान, पीला बाई, कंचन साहू, सोफिया टांडी, रोशनी धृतलहरे, अंगूरी शर्मा, मंजूलता प्रधान, छवि निषाद विशाखा सिदार, लताबाई, रामबाई ठाकुर, केकती केवर्ट, निर्मला गायकवाड, सतरूपा, सरिता यादव, पुष्पलता, सुकृति ध्रुव, हेमलता देवदास आदि का सम्मान शाल श्रीफल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ शैल नाविक, अपर्णा श्रीवास्तव, रतन कंवर राम सिंह जिला बाल संरक्षण अधिकारी, खेमराज चौधरी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, पूनम कोसरिया, जिला मिशन समन्वयक खिलेश्वरी चक्रधारी, सुपरवाइजर शीला प्रधान, कुंती यादव ,रितु सिंहा लक्ष्मी दिवाकर, दीपमाला तारक, स्वरूप भोई, दीक्षा बारीक, रुक्मणी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# बिना दबाव और भय के करें अपने मताधिकार का उपयोग: न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला पंचायत में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया गया, वहीं नव पंजीकृत मतदाताओं को पहचान पत्र (ईपीआईसी कार्ड) प्रदान किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीता डहरिया ने उपस्थित नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जो जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित होता है। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त कर्तव्यों के निर्वहन के लिए संवैधानिक कर्तव्यों और अधिकार प्रदत्त किया गया है। साथ ही देश में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग की स्थापना की गई है, ताकि चुनाव प्रक्रिया स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी दबाव अथवा प्रलोभन से मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए सही सरकार का चुनाव आवश्यक है और मतदान इसी उद्देश्य की पूर्ति का माध्यम है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मतदान का अधिकार संविधान द्वारा प्रदत्त एक महत्वपूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ मूल कर्तव्यों का पालन करना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। पहले हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए, तभी अधिकारों का सही उपयोग संभव है। मतदान का अधिकार लोकतंत्र का सबसे बड़ा अधिकार है। कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत जिले में मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन रखने का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिले में लगभग 8 लाख मतदाता हैं और नए मतदाता फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हो। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने कहा कि लोकतंत्र में सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं और प्रत्येक मतदाता का एक ही वोट होता है। 18 वर्ष पूर्ण करने पर प्रत्येक नागरिक को मताधिकार प्राप्त होता है, जो एक मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक रहता है और हमें शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता को और मजबूत करना होगा। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।














संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत-कुसमी
विकासखंड-बागबाहरा जिला महासमुंद
कोमलबाई पटेल
सरपंच, ग्राम पंचायत कुसमी
बीना मरार
उपसरपंच, ग्राम पंचायत कुसमी
धूपराम पांडे
सचिव, ग्राम पंचायत कुसमी
-पंचगण-
दुतिका पटेल
अमित निषाद
सरोज पटेल
भुनेश्वर पटेल
कृष्णाबाई साहू
धनेश्वर पटेल
केश्वरी दीवान
तुलेखा चंद्राकर
मोहनलाल साहनी
राजू साहू
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-कुसमी


क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
उमेश जैन
पूर्व जनपद सदस्य एवं
पूर्व विधायक प्रतिनिधि नर्रा
विजय शंकर निगम
विधायक प्रतिनिधि एवं
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
मान. द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा एवं
जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी महासमुंद


वतन की शान में कुर्बान हैं लाखों कहानी,
हमारी पहचान है तिरंगा, हमारी आन है हिंदुस्तानी।
ग्राम पंचायत-उखरा
आश्रित ग्राम लामिसरार, अमेरा
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक बधाई...
चैतराम निषाद
उपसरपंच, ग्राम पंचायत उखरा
सागरचंद राणा
सचिव, ग्राम पंचायत उखरा
यशलाल पाड़े
रोजगार सहायक
श्री प्रीतम चौधरी जी
सरपंच, ग्राम पंचायत उखरा
पंचगण
आसकरण टांडे
कौशल पाड़े
विरेंद्र ठाकुर
संतराम पटेल
रोहित पाड़े
श्रीमती गौरी चौधरी
श्रीमती जानकी पटेल
श्रीमती जामबाई प्रधान
श्रीमती कांती मधुकर
श्रीमती तुलसी ठाकुर
श्रीमती दिपीका विश्वास
श्रीमती सविता पाण्डे
श्रीमती गीतिका पटेल
श्रीमती बिना पाड़े
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-उखरा


पंजीयन क्रमांक-1061
प्राथमिक कृषि साख सहकारी
समिति मर्यादित-नर्रा
नर्रा, बिन्द्रावन, लोंदामुड़ा, कोकडी, मुड़पार,
झिटकी, राटापाली, बेहराभांठा, झलमला
समस्त किसान भाईयों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्री कलाराम नायक जी
प्राधिकृत अध्यक्ष नर्रा
श्री नरेंद्र सिंह ठाकुर जी
शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी
केंद्रीय बैक शाखा कोमाखान
श्री हिमांशु जायसवाल जी
पर्यवेक्षक, जिला सहकारी
बैंक कोमाखान
प्रभारी समिति प्रबंधक नर्रा
डाटाएंट्री ऑपरेटर नर्रा
श्री सदाराम पटेल
लिपिक नर्रा
श्री विजय साहू
विक्रेता
श्री दुलेश्वर साहू
विक्रेता
कमलेश साहू
सह कर्मचारी
राधेलाल कुर्रे
सह कर्मचारी
उमेश पटेल
प्रोसेसर्वर
मिलाप विश्वकर्मा
प्रोसेसर्वर


पंजीयन क्रमांक-862
प्राथमिक साख सहकारी
समिति-परसुली
परसुली, परकोम, पंडरीपानी, बनियातोरा,
कारागुला, खट्टी, अमनपुरी, सेनभांठा
26
JANUARY
REPUBLIC DAY OF INDIA
समस्त किसान भाईयों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्री लोचन राम पटेल जी
अध्यक्ष, प्राधिकृत परसुली
श्री नरेंद्र सिंह ठाकुर जी
शाखा प्रबंधक कोमाखान
श्री हिमांशु जयसवाल जी
पर्यवेक्षक शाखा कोमाखान
श्री राजेश पटेल जी
प्रभारी समिति प्रबंधक परसुली
श्री तेजलाल साहू जी
पूर्व समिति प्रबंधक
श्री गणेश्वर यादव जी
अपरेटर डाटा एंट्री परसुली
श्री कोमल सिंह मांझी
विक्रेता
श्री नीलकंठ पटेल
विक्रेता
खिलेश्वर पटेल
सहायक कर्मचारी
श्री डालेश्वर पांडे
सहायक कर्मचारी


ललित पटेल
संवाददाता हरिभूमि नर्रा
गीतांजली न्यूज एजेंसी नर्रा
समाचार, विज्ञापन के
लिए संपर्क करें....
9981919140

## खबर संक्षेप

### खरोरा स्कूल में मनाया बसंत पंचमी उत्सव

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में बसंत पंचमी और महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर और विशेष अतिथि सरिता ढीढी रही। अध्यक्षता संस्था प्रमुख उमेश भारती गोस्वामी ने की। मुख्य अतिथि वीणा ने कहा कि बसंत पंचमी हमें अज्ञानता के अंधेरे से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है, वहीं नेताजी का जीवन अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। नेताजी के जीवन संघर्ष और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे नारों के साथ देशप्रेम का संदेश दिया। विशेष अतिथि सरिता ढीढी एवं उमेश भारती गोस्वामी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुबे कुमार पटेल तथा आभार प्रदर्शन मोना चंद्राकर ने किया। वरिष्ठ शिक्षिका रामेश्वरी ध्रुव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जल यात्रा के गायत्री यज्ञ के साथ शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा गायत्री मंदिर में भव्य मंगल जल कलश यात्रा उपसरपंच सुनीता कहार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुई। द्वितीय दिवस प्रातः शांतिकुंज हरिद्वार के मुख्य प्रतिनिधियों द्वारा सगल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा की प्राण प्रतिष्ठा नौ गायत्री यज्ञ के साथ हुई। हाईस्कूल के विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में बसंत पंचमी पर्व, पूजन निराला जयंती एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। भगत गुरुजी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अविस्मरणीय संस्मरण सुनाए। शाम सहस्त्रवेदी दीप यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डा. रामशरण चंद्राकर, जयराम साहू, द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, प्रताप महंती, रामलाल चंद्राकर, राधेश्याम चंद्राकर, सुकालू निषाद, रविकांत चंद्राकर, मनोरमा साहू, सोहन साहू, भगत गुरुजी, पूनम साहू, चेतन चंद्राकर, पिंकी सेठ, देवकुमारी दीवान, चमेली साहू, पूजा, चित्ररेखा साहू, थनेश चंद्राकर, ईश्वर चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे। यह उक्त जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# कसहीबाहरा स्कूल में मनाया गया पराक्रम दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि नेताजी द्वारा दिया गया नारा "जय हिंद" केवल एक उद्घोष नहीं, बल्कि आज भी भारत का राष्ट्रीय अभिवादन है, जो देशभक्ति, एकता और वीरता की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार पटेल एवं तबस्सुम शेख ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी को पराक्रम दिवस मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1897 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021 से आधिकारिक रूप से इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई है। इस दिवस का उद्देश्य नेताजी के विचारों और देशप्रेम की भावना को जीवंत बनाए रखना है। पराक्रम दिवस के अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, रंग भरो एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नेताजी के जीवन, विचारों और देशप्रेम को अपनी कला व ज्ञान के माध्यम से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ड्राइंग बुक एवं कलर सेट देकर सम्मानित किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वीर कुमार ध्रुव एवं द्वितीय स्थान अनामिका दीवान ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम भोमेश पटेल तथा द्वितीय देहुती ध्रुव रहे। वहीं रंग भरो प्रतियोगिता में प्रथम कार्तिक दीवान एवं द्वितीय अनुज सेन को पुरस्कृत किया गया।

# केवि में ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित व्यापक अभियान के तहत परीक्षा पे चर्चा का आयोजन स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन संजय कंसल प्राचार्य के कुशल निर्देशन एवं वंदिनी जौहरी, जीके निर्मलकर के संयोजन में आयोजित किया गया। परीक्षा पे चर्चा ( पीसी 2026) के अंतर्गत 23 जनवरी 2026 को पराक्रम दिवस पर ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में किया गया। जिसमें माध्यमिक विभाग के 50 विद्यार्थी और सेकेंडरी विभाग के 50 विद्यार्थी कुल मिलाकर 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सरायपाली, स्वामी आत्मानंद (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय, स्वामी आत्मानंद (हिंदी माध्यम) विद्यालय, महर्षि विद्या मंदिर, शासकीय धनराज मेघराज माल हायर सेकेंडरी स्कूल, चंद्रोदय पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिए।

कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे प्रारंभ हुआ। जिसमें 11:00 बजे से 12:00 तक लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुआ। 12 से 1:00 बजे तक मूल्यांकन करके 2:00 बजे प्रतियोगिता की परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान अरुणिमा डे कक्षा आठवीं केंद्रीय विद्यालय, द्वितीय स्थान हर्षमा आदित्य आठवीं चंद्रोदय पब्लिक विद्यालय और माही साहू कक्षा आठवीं पीएम केंद्रीय विद्यालय तृतीय स्थान महक वर्मा कक्षा आठवीं केंद्रीय विद्यालय और मुस्कान कन्नौजे कक्षा आठवीं केंद्रीय विद्यालय ने प्राप्त किये। सेकेंडरी स्तर पर प्रथम स्थान देवांग शर्मा कक्षा नवी केंद्रीय विद्यालय, द्वितीय स्थान कुणाल सिद्धार्थ कक्षा ग्यारहवीं केंद्रीय विद्यालय सरायपाली, तृतीय स्थान और आर्यन साहू कक्षा ग्यारहवीं केंद्रीय विद्यालय महासमुंद ने प्राप्त किए। सभी विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य संजय कंसल द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया और प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्त होकर परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाने के लिए कुछ आवश्यक जानकारी प्रदान किए। कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार चंद्राकर, दशरथ राम यादव, राजेश अग्रवाल, रवीना मीणा, वीणा यादव, संस्कृति चंद्राकर, आर्यन, शिवानी गजटा का भरपूर सहयोग रहा। परीक्षा पर चर्चा के कार्यक्रम प्रभारी वंदिनी जौहरी और गिरिजा कुमार निर्मलकर के कुशल निर्देशन में हुआ। समापन समारोह में विजेताओं को प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया गया। संजय कंसल ने सभी को बिना भय और तनाव के परीक्षा की तैयारी करने तथा जीवन के हर परीक्षा में सफल होने के लिए शुभकामनाएं प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार चंद्राकर एवं आभार व्यक्त दशरथ यादव ने किया।

# कांग्रेस की बैठक में युवाओं को जोड़ने पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

युवा कांग्रेस के तत्वावधान में बागबाहरा में छत्तीसगढ़ प्रभारी डा. मोनिका मंडरे, प्रदेश महासचिव विक्रांत साहू, युवा कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष अमन चंद्राकर, सहप्रभारी सतीश ठाकुर, प्रसून चंद्राकर, महिला ज़िला अध्यक्ष दुर्गा सागर, शाहजान पाशा, विधानसभा अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल की उपस्थिति में आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

जिसमें छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ मोनिका मंडरे ने युवाओं को जोड़ने, ग्रामीण अंचल में जाकर युवाओं को संपर्क करने को कहा। युवाओं के साथ मिलकर सरकार के नाकामी को बताने विरोध प्रदर्शन करने के लिए निर्देश किया गया। रोजगार गारंटी योजना के बारे में बताने के लिए कहा गया और युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जल्द नियुक्ति होने को कहा गया। जिसमें प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम राणा, महिला ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गा सागर, शाहजान पाशा, मंता यादव, खोमेश साहू, लखन बघेल, सन्नी दुआ, आकाश चंद्राकर, आदित्य बोकड़े, दुर्गेश यादव, अमित राय, रीमा यादव, कृष्णा यादव, मेघराज साहू, दशरथ तांडी, राहुल यादव, आदित्य चंद्राकर, किशोर देवांगन, भुरू देवांगन, युवराज पांडे, पप्पू पांडे, धनेश्वर पांडे, एनकुमार पांडे, संतोष पांडे समेत युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उठाव रोककर किसानों को धान बेचने से वंचित करना चाहती है सरकार : विनोद

## केवल बरोंडाबाजार सोसायटी में अब तक 218 किसान नहीं बेच पाए हैं धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि शासन द्वारा धान उठाव में रोक लगाकर खरीदी प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। अभी भी जिलेभर के सोसायटियों में धान बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार हजारों किसान कर रहे हैं। अकेले बरोंडाबाजार सोसायटी में ही 218 किसानों का टोकन अभी तक नहीं कट पाया है। धान का उठाव नहीं होने के कारण यहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। खरीदी के लिए महज 4 दिन का समय ही शेष है। ऐसे में इन किसानों को धान नहीं बिक पाने का चिंता सता रहा है। बरोंडाबाजार सोसायटी में 218 छोटे किसानों से 10 हजार क्विंटल से अधिक का धान खरीदा जाना शेष है। किसानों का कहना है कि उनका धान नहीं बिकने से वे सोसायटी का चक्कर लगा रहे हैं। खरीदी लिमिट और उठाव नहीं होने के कारण सोसायटी में धान जाम है। टोकन जारी नहीं हो पाने से किसान अधिक परेशान हैं। चंद्राकर ने कहा कि यही स्थिति रही तो समय-सीमा में इन किसानों का धान नहीं बिक पाएगा। धान खरीदी के लिए किसान समय आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इन



किसानों में अधिकांश ऐसे भी किसान हैं, जो रबी फसल लेते हैं। लेकिन, खरीफ का धान अभी तक नहीं बिका है, ऐसे में वे रबी की तैयारी भी नहीं कर पा रहे हैं। खेत की मताई, जोताई आदि के लिए उनके पास पैसे नहीं है। उन्होंने कहा कि धान का उठाव रोककर सरकार पुनः सोसायटियों के धान को चूहों के नाम पर गायब करने की साजिश रच रही है। क्योंकि, महासमुंद सहित प्रदेश के विभिन्न सोसायटियों में सरकारी चूहों ने करोड़ों का धान खाया है। चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ जिले के हजारों किसान अपना धान नहीं बेच पाए हैं, उन्हें टोकन तक जारी नहीं किया जा रहा। दूसरी ओर सोसायटियों में करोड़ों का धान बफर लिमिट पार कर चुका है। धान खरीदी पूरी तरह बाधित हो रहा है। वहीं, अब सरकार धान का उठाव रोककर बचे हुए किसानों को धान बेचने से वंचित करना चाहती है। महासमुंद जिले में अभी तक लगभग 25 हजार किसान धान नहीं बेच पाए हैं। इसके अलावा किसानों को परेशान करने की नीयत से सरकार किसानों के घर जाकर उनका जमीन व धान का भौतिक सत्यापन करने की बात कह रही है। इससे यही सिद्ध होता है कि सरकार किसानों को पूरी तरह परेशान कर धान बेचने से वंचित करना चाहती है।

### कांग्रेस शासन में किसानों को नहीं हुई समस्या

चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में कभी भी किसानों को इस तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ा था। पूरे 5 साल निर्बाध रूप से धान खरीदी की गई। भूपेश सरकार की बेहतर नीति के कारण सोसायटियों में धान जाम होने जैसी हालात कभी सामने नहीं आई। 72 घंटे में उठाव की नीति बनाकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों को राहत प्रदान की। प्रदेश के समस्त किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा गया। आवश्यकता पड़ने पर खरीदी समय बढ़ाकर किसानों का धान खरीदा। लेकिन वर्तमान में भाजपा की साय सरकार अपने दो वर्ष के कार्यकाल में ही धान खरीदी में पूरी तरह असफल साबित हुआ है।




### बिरकोनी स्कूल में मनाया गया बसंत पंचमी उत्सव

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में विद्या, ज्ञान, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती को समर्पित पावन पर्व बसंत पंचमी 23 जनवरी को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्य करण सिंह सोरी, वरिष्ठ व्याख्याता करुणा चंद्राकर एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा में पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य करण सिंह सोरी ने कहा कि ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद हम सभी को प्राप्त हो। मां सरस्वती की कृपा से सबका जीवन विद्या, विवेक और बुद्धि से सदैव समृद्ध रहे। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों को बेर, केला, संतरा और नारियल का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी एवं आभार प्रदर्शन सीआर अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता निर्मला कुजूर, कन्हैयालाल साहू, लता राजन, रागिनी चंद्राकर, टी साहू, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, रंजीता दुबे, तारामती साहू, ॠचा पांडे, राम प्रसाद मोहंती, मनहरण लाल भट्ट, निधि गुप्ता, वेद राम रात्रे, सुरेश कुमार गुप्ता, रेणुका चंद्राकर, सौरभ साहू, मनीष राजपूत, संध्या रानी, दिव्या चंद्राकर, महेश कमार, दुलारी, दीक्षा चंद्राकर एवं बच्चे उपस्थित थे।




### वसंत पंचमी पर 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**कोमाखान।** प्रज्ञा पीठ बटोरा (कोमाखान) में वसंत पंचमी का पर्व 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साधना श्रद्धा और युग परिवर्तन के संकल्प के साथ मनाया गया। गायत्री महामंत्र के मंत्रोचार से गूंजायमान वातावरण में प्रत्येक हृदय में शांति चेतना और आत्मबल का संचार स्पष्ट अनुभूत हुआ। युग संगीत टोली नायक देवानंद वेदव्यास द्वारा जीवन साधना, सेवा और युग निर्माण के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सालिक राम साहू, डेरहा राम साहू, महेंद्र सिंह ठाकुर, केआर सोनी, तोरण चंद्राकर, दिलीप साहू, लेखराम साहू, पीलूराम देवांगन, रेखराम साहू, दुकालू पटेल, गोवर्धन सिन्हा, मूलचंद साहू, सेवाराम साहू, देवनारायण साहू, कपूरचंद साहू, रोहित साहू, विश्राम पटेल, सुरेश चौहान, मोहनलाल सोनवानी, रघुराम पांडे, नरसिंह निषाद, मनहरण साहू, थनवार साहू, ठाकुरराम, यशवंत साहू, मनहरण साहू, कुमार तांडे, हेमचंद अग्रवाल, देवनाथ, रोशन ध्रुव, गेंदराम पटेल, पंचराम पांडे, रतन सिदार, राहुल, धनेंद्र हीरा साहू, टिकेश्वरी साहू, नर्मदा देवांगन, आशा सोनी, निर्मला अग्रवाल, प्रेमा साहू, हेमिन, जागृति, कमला, महेश्वरी, बेनीबाई, राजेश्वरी कुसुम, लता, सीमा सहित असंख्य गायत्री परिजन सम्मिलित हुए।



### कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**कोमाखान।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में मतदान के अधिकार, कर्तव्य और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी एवं जागरूक किए जाने के लिए संकल्प एवं शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा ने कहा कि वे मतदान हेतु जागरूक बनें और मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करें। इस अवसर पीयूष कुमार तांडेय (सहायक प्राध्यापक हिंदी) ने लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव में भाग लेने तथा धर्म, जाति, भाषा आदि किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. भूमिका शर्मा (सहायक अध्यापक अर्थशास्त्र) सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।



विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
केदार कश्यप
सहकारिता
दयाल दास बघेल
प्रभारी मंत्री
रूपकुमारी चौधरी
सांसद, महासमुन्द
ऐतराम साहू
जिला अध्यक्ष, महासमुन्द भाजपा
योगेश्वर राजू सिन्हा
विधायक, महासमुन्द

कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित - झलप
पं.क्र.-1082 समस्त प्रदेशवासियों को
26 JANUARY REPUBLIC DAY
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

सागर साहू
अध्यक्ष
विजय कोसरे
समिति प्रबंधक

प्रमिला मानिकपुरी
डाटा ऑपरेटर
राजकुमार प्रधान
विक्रेता
सरला साहू
विक्रेता
मदन पटेल
विक्रेता

विनीत : समस्त कृषक बंधु ग्रामीण सेवा सहकारी समिति - झलप



विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
केदार कश्यप
सहकारिता
दयाल दास बघेल
प्रभारी मंत्री
रूपकुमारी चौधरी
सांसद, महासमुन्द
ऐतराम साहू
जिला अध्यक्ष, महासमुन्द भाजपा
योगेश्वर राजू सिन्हा
विधायक, महासमुन्द

कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित - सरेकेल
पं.क्र.-852 समस्त प्रदेशवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

श्री उदेराम ध्रुव जी
अध्यक्ष
अमर शहीदों को शत्-शत् नमन
श्री हेमलाल सेन जी
समिति प्रबंधक

श्री गोपाल साहू
विक्रेता
श्री धर्मेन्द्र साहू
विक्रेता
श्री रामकुमार ध्रुव
भृत्य
श्री आकाश देवांगन
कम्प्यूटर ऑपरेटर



मा. रूपकुमारी चौधरी जी
मा. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
डॉ. विमल चोपड़ा जी
ऐतराम साहू

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अशोक साहू
समिति प्रबंधक
धनेश सिन्हा
अध्यक्ष, कृषक ग्रामीण सेवा समिति बावनकेरा



श्री उत्तम सांई केयर हॉस्पिटल झलप
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

डॉ. टी.के. डड़सेना
मैनेजिंग डायरेक्टर
डॉ. एल.के. डड़सेना
डॉ. शशांक रंजन
डॉ. मयंक रंजन
डॉ. दीप्ती शिखा
डॉ. सुरेश कुमार पटेल
डॉ. गीतांजली जैन
डॉ. सत्येंद्र सिन्हा

उपलब्ध सुविधायें :- 20 बेड, 5 बेड ICU, प्राईवेट वार्ड, आधुनिक OT, X-RAY, सोनाग्राफी, ECG, पैथोलॉजी मेडिकल, नार्मल डिलीवरी, सर्जिकल डिलीवरी, लकवा सभी प्रकार की ईलाज की सुविधा एक ही छत के नीचे।



गणतंत्र दिवस
की आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमती सुषमा राकेश टण्डन
सभापति - महासमुन्द
राकेश टण्डन
प्रतिनिधि


संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

खबर संक्षेप



## सिंघनपुर व आसपास गांव को सिंचाई सुविधा देने की मांगः तुषार

**महासमुंद**। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती मड़ई मेला कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। निषाद समाज के तत्वावधान में फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। अपने उद्बोधन में तुषार साहू ने कहा कि एक भक्तिपूर्ण और सामाजिक अनुभव है, जहाँ भक्त भगवान राम के प्रिय मित्र गुहा निषाद के आदर्शों को याद करते हैं। शोभायात्रा में झांकियां, बैंड और जयकारे होते हैं, और यह समाज को संगठित करने, संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने का एक माध्यम है। आगे कहा कि जिला गरियाबंद सिकासेर कोडार परियोजना से आने वाले पानी झलप क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर व आसपास गांव को सिंचाई सुविधा देने की मांग शासन प्रशासन से ग्रामवासियों ने की, जिसका सहयोग करते हुए अशवंत तुषार साहू ने कलेक्टर से जल्द मुलाकात कर किसानों को मांग को पूरा करने की अथक प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नैन पटेल, जनपद सदस्य तीजन रामेश्वर साहू, निषाद समाज के अध्यक्ष ललित निषाद, हीरालाल साहू, सुरेश, महेश, कार्तिक, रामलाल,शंकर, नरेश, सुखराम, दुकालू, सुखलाल आदि मौजूद रहे।

## हाईस्पीड कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल

**बिरकोनी**। राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर ग्राम बिरकोनी के परसवानी रोड़ में क्रॉस कर घर लौट रहे सायकिल सवार युवक मनोज कुमार साहू को रायपुर की ओर से आ रही हाई स्पीड कार चालक सूरज देवांगन सीजी 06 जीसी 0218 ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दी। घटना 8 जनवरी रात्रि 9 बजे की हैं। घटना के सूचना मिलते ही 112 इमरजेंसी सेवा तत्काल मौके पर पहुंची और प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज किया और घायल मनोज साहू को उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। इस हादसे में युवक के दोनों पैरों में गंभीर चोट आई हैं, जिनका उपचार जारी हैं।

## सिरगिड़ी में मड़ई मेला का आयोजन 28 को

**महासमुंद**। ग्राम सिरगिड़ी में 28 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन में रंगधारा ओनवा रवेली का कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी ग्राम प्रमुख देवसिंह चंद्राकर, केशवराम एवं नागेश कुमार विश्वकर्मा ने दी है।

### सागौन तस्करी का खुलासा : सबसे पुराने जंगल में 60 से अधिक पेड़ों की कटाई, वन अमला संदेह के घेरे में

# रातोंरात गायब हुए सागौन के लट्ठे, चेन आरा मशीन से हुई कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

वन परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 242 ग्राम जम्हर के जंगल में लकड़ी तस्करों ने लाखों रुपए मूल्य के कीमती सागौन वृक्षों की अवैध कटाई कर उन्हें रातोंरात ले उड़े। घटना के कई दिनों बाद तक वन विभाग के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना की जानकारी विभाग को ग्रामीणों के माध्यम से मिली।

गौरतलब है कि कक्ष क्रमांक 242 का जंगल पूर्णतः सागौन वृक्षों से आच्छादित है। यह पिथौरा वन परिक्षेत्र का सबसे पुराना और सबसे बड़ा सागौन बहुल जंगल माना जाता है। यहां 60 से अधिक विशाल और पुराने सागौन पेड़ों की अवैध कटाई की गई। तस्कर बड़े-बड़े लट्ठे जंगल से बाहर ले गए, जबकि कुछ आधे कटे लट्ठे जंगल में ही पड़े रह गए।

हरिभूमि की टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग तीन किलोमीटर भीतर तक जंगल की पड़ताल की, जहां जगह-जगह कटे हुए पुराने सागौन वृक्षों के ठूंठ और बिखरे अवशेष मिले। पड़ताल में सामने आया कि इस गंभीर घटना की सूचना वन विभाग को तीन दिन की देरी से मिली, जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया। 13 जनवरी के सुबह सूचना के आधार पर ग्राम जम्हर निवासी सीताराम चौधरी के घर छापेमारी कर लगभग 1 लाख 32 हजार रुपए मूल्य की सागौन लकड़ी के लट्ठे व चिरान जब्त की



गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपनी बेटी की शादी के लिए फर्नीचर बनवाने के उद्देश्य से जंगल से लकड़ी मंगवाई थी। इस प्रकरण को छोटा बनाते हुए वन विभाग द्वारा आरोपी को मुचलका जमानत दिए जाने और लेन-देन के आरोप भी लगे। और हड़बड़ी में वन विभाग द्वारा कटे पेड़ों के ठूंठों का मिलान तक नहीं किया गया। बाद में उच्च अधिकारियों की फटकार के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां पहले से जमानत मिलने के कारण न्यायालय ने प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना को कड़ी फटकार लगाई। बाद में कक्ष क्रमांक 242 में बड़े पैमाने पर कटाई की जानकारी सामने आने पर सीताराम चौधरी के घर से बरामद लकड़ी को इसी जंगल से जोड़ने का प्रयास किया गया है। लेकिन, हरिभूमि की पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि सीताराम चौधरी के घर से बरामद सागौन लकड़ी किसी अन्य जंगल से लाई गई थी।

### डीएफओ मौके पर पहुंचे, जताई नाराजगी

बड़े पैमाने पर कीमती इमारती लकड़ी की चोरी के मामले में वन मंडलाधिकारी महासमुंद मयंक पांडेय स्वयं मौके पर पहुंचे और जंगल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस विनाश के पीछे वन विभाग का सुस्त और लापरवाह रवैया जिम्मेदार है। वन रक्षक, वनपाल, डिप्टी रेंजर और प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी की भूमिका संदिग्ध है।

पिथौरा में पदस्थ प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना का 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होना है, जिसके चलते उन्हें इस पूरे मामले से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि एकमात्र कार्रवाई के नाम पर वन रक्षक शुभम तिवारी को निलंबित किया गया है। नाम न छापने की शर्त पर वन विभाग के एक सेवानिवृत्त एसडीओ ने बताया कि इस स्तर की अवैध कटाई में वन रक्षक से लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी तक निलंबित किए जाते हैं।

### जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

इस संबंध में महासमुंद वन मंडलाधिकारी मयंक पांडेय का कहना है कि कक्ष क्रमांक 242 में सागौन वृक्षों की अवैध कटाई हुई है। मामले की सघन जांच की जा रही है और लगातार छापेमारी की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी, पिथौरा सालिकराम डड़सेना का कहना है कि जांच चल रही है। जम्हर में छापेमारी की जा रही है। प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है।

### गुपचुप तरीके से कार्रवाई

वन विभाग द्वारा इस पूरे मामले को मीडिया से दूर रखने के लिए गुपचुप कार्रवाई की जा रही थी, ताकि प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी, डिप्टी रेंजर और वनपाल को बचाया जा सके। अब तक किसी भी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। विभागीय अधिकारी केवल जांच जारी होने की बात कह रहे हैं।

### उच्चस्तरीय जांच की मांग

जानकारों का मानना है कि कक्ष क्रमांक 242 जैसे संवेदनशील और सघन सागौन बहुल जंगल से इतने बड़े पैमाने पर वृक्षों की अवैध कटाई कर भारी-भरकम लट्ठों को जंगल से बाहर ले जाना बिना वन अमले की मिलीभगत के संभव नहीं है। रातोंरात 60 से अधिक विशाल और पुराने सागौन वृक्षों की कटाई, उन्हें लट्ठों में परिवर्तित करना और सुरक्षित रूप से बाहर पहुंचाना एक संगठित तंत्र की ओर इशारा करता है, जिसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग उठने लगी है।

### वृक्षों की कटाई चेन आरा मशीनों से

वहीं जंगल में मौके पर की गई पड़ताल में यह तथ्य भी सामने आया कि सागौन वृक्षों की कटाई चेन आरा मशीनों से की गई है। कटे हुए पेड़ों के ठूंठों पर मशीन से काटे जाने के स्पष्ट निशान हैं। इतने पुराने और भारी सागौन वृक्षों को इस तरह काटना बिना आधुनिक उपकरणों से काटना और जंगल से लट्ठे को लेना, वन विभाग के मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।

## ठाकुरदिया खुर्द में 4 दिवसीय रामकथा एवं भजन उत्सव का शुभारंभ



**पिथौरा (ग्रामीण)**। ठाकुरदियाखुर्द में आयोजित चार दिवसीय श्रीराम कथा एवं भजन उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम घृतलहरे, अध्यक्षता कर रहे जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, पूर्व जनपद सभापति अजय नायक, जनपद सदस्य राधा पटेल, भाजपा नेता प्यारी लाल नायक ने भगवान श्रीराम व माता सीता मूर्ति की पूजा अर्चना कर रामकथा का शुभारंभ किया। रामकथा का वाचन प्रारंभ करने से पूर्व गाव में गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ कलश यात्रा निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम ने कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव में सुख-शांति और समृद्धि आती है। जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि भगवान राम हम सबके आराध्य है। रामकथा सुनना ही पर्याप्त नहीं है। श्रीराम के आदर्शों को चरितार्थ करने से हम अपना जीवन सफल और सार्थक बना सकते हैं। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि आज वह स्वर्णिम दिन है, जिस दिन हम सबके आराध्य श्रीराम अयोध्या के राम मंदिर में स्थापित हुए थे। इस आयोजन के लिये आयोजन समिति बधाई की पात्र है।

# सशिमं में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में बसंत पंचमी पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशित भैया-बहिनों का विद्यारंभ संस्कार भी विधिपूर्वक कराया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जानकी चंद्राकर रहीं, विशेष अतिथि के रूप में जानवी नाग उपस्थित थीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चुनेश्वरी साहू ने की। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया तथा विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। सभी



ने मां सरस्वती से ज्ञान, विवेक एवं सद्बुद्धि की कामना की। विद्यारंभ संस्कार के दौरान नन्हे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य बंधु/भगिनी का सराहनीय सहयोग रहा। पूजन एवं हवन की सम्पूर्ण विधि गजेंद्र वैष्णव महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराई गई। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय रहा।



## सिरपुर के वैभव एवं ऐतिहासिक महत्व विषय पर हुई रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता

**अरंड (पिथौरा)**। शासकीय आदर्श महाविद्यालय लोहराकोट के प्राचार्य प्रो.अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में 21 एवं 22 जनवरी को सिरपुर के वैभव एवं ऐतिहासिक महत्व विषय पर रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. कपिल चंद्रा अतिथि व्याख्याता (अर्थशास्त्र) ने सिरपुर की गौरवशाली ऐतिहासिक पृष्ठभूमि उसकी बहु सांस्कृतिक पहचान तथा भारतीय इतिहास में उसके विशिष्ट स्थान पर सारगर्भित प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे रचनात्मक एवं अकादमिक आयोजन विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व का भी समग्र विकास कराते है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई एवं रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से सिरपुर ऐतिहासिक धरोहरों, स्थापत्य कला एवं सांस्कृतिक वैभव को सजीव रूप में अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में संदीप दास अतिथि व्याख्याता (रसायनशास्त्र) द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। संचालन राजेंद्र कुर्रे अतिथि व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) ने किया।



### प्रतिभा पब्लिक स्कूल मनाई गई बसंत पंचमीं

बागबाहरा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा पब्लिक स्कूल (सीबीएससी) पतेरापाली में बसंत पंचमी पर मां भगवती- सरस्वती की पूजा अर्चना कर बसंत पंचमी बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शाला प्रमुख मैनेजिंग डायरेक्टर रुपेश गोयल एवं स्कूल के प्राचार्या विद्या शर्मा की उपस्थिति में मां भगवती का पूजा एवं हवन संपन्न किया गया। इस अवसर पर शाला के शिक्षकगण शशि चंद्राकर, गुण सागर चंद्राकर, दुर्गेश साहू, मिथलेस दीवान, रत्ना साहू, सोहद्रा साहू, शालिनी साहू, चंद्रकला पटेल, लकेश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू, कोमल बघेल, पुष्पांजलि साहू, ममता तांडे, पेजल सोनवानी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहें। इस अवसर पर शाला प्रमुख रुपेश गोयल, प्राचार्या विद्या शर्मा एवं विद्यालय के शिक्षकों ने स्कूल की प्रगति एवं विद्यार्थियों के अच्छी शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए माँ भगवती से प्रार्थना की।

## गुहा निषाद जयंती पर आयोजित महाआरती में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद**। स्थानीय लालवानी गली वार्ड 14 में निषाद समाज द्वारा आयोजित भक्त गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भगवान राम व भक्त गुहा निषाद राज की पूजा कर भगवान की महाआरती की। समाज की एकता व क्षेत्र की खुशहाली के लए प्रार्थना की। इस दौरान समाजजनों ने साहू का अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान किया। अपने संबोधन में पालिकाध्यक्ष ने कहा कि भक्त निषाद राज ने प्रभु श्रीराम, माता सीता व भैया लक्ष्मण को गंगा पार कराया था। उनकी निःस्वार्थ भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान राम ने



मित्रता का वचन दिया था। निषाद समाज का इतिहास रामायण काल से जुड़ा है। उन्होंने समाज में एकता व शिक्षा पर जोर देते हुए बच्चों को अच्छे संस्कार देने की बात कही। साथ ही कार्यक्रम में सहभागिता के लिए समाजजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ढेलुराम निषाद, नंदकुमार निषाद प्रदेश संगठन मंत्री, राजेंद्र निषाद परिक्षेत्र अध्यक्ष, भोलाराम निषाद अध्यक्ष खट्टी, नरेश निषाद जिला सचिव, दाऊलाल निषाद शहर संगठन, राजकुमार निषाद, मुकेश निषाद, राजेश निषाद, सुरेश निषाद व समाज जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नांदगांव में मरार पटेल समाज ने मनाया मां शाकंभरी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसंत पंचमी पर नांदगांव में मरार पटेल समाज द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मां शाकंभरी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां शाकंभरी के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण के बीच समाजजनों ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा पश्चात मां शाकंभरी को सुसज्जित रथ पर विराजित कर नगर में रैली निकाली गई। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, जयकारों और भक्तिगीतों के साथ निकली यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो गया। रैली के समापन के बाद आयोजन स्थल पर भोजन प्रसादी का वितरण किया गया,



जिसमें समाज के साथ-साथ नगर के लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में आपसी एकता, सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। इस अवसर पर योगेश पटेल, रामकुमार पटेल, हरिराम पटेल, लेखराम पटेल, दीनू पटेल, दसरू पटेल, हरिचंद पटेल, ओम प्रकाश पटेल, लक्ष्मीनाथ पटेल, रेवा पटेल, यादराम पटेल, पुराणिक पटेल, बिहारी पटेल, सालिक पटेल, रामसिंग पटेल एवं मन्नू पटेल सहित समाज के अनेक वरिष्ठ एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे और आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# दुनिया के सभी समस्याओं का समाधान श्रीमद भगवत गीता मेंः भारती

### एमकेबाहरा में मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञ प्रारम्भ, बड़ी संख्या में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

समीपस्थ ग्राम एमकेबाहरा में मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संयोजन में मातृशक्तियों ने ग्राम के शीतला तालाब से जल यात्रा के साथ यज्ञ मंच पर पहुंचे, जहां धर्मनगरी राजिम नवापारा से पहुंची राजयोगिनी पुष्पा दीदी के सानिध्य में ग्राम प्रमुखों ने पूजा आरती के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर सप्त दिवसीय श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया। मध्य प्रदेश कटनी से कथा वाचिका योगशक्ति ब्रह्माकुमारी भारती दीदी का व्यास पीठ पर स्वागत व सम्मान किया गया। ब्रह्मकुमारीज सेवाकेंद्र की क्षेत्रीय संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने आशीर्वचन में कहा कि श्रीमद भगवत गीता में सभी शास्त्रों का सार समाया हुआ है। जिसमें परमात्मा के डायरेक्ट महावाक्य उच्चारित है। जिसे अर्जुन भाव से आस्था व विश्वास रूपी साधन को साथ लेकर गीता का श्रवण करें।



वही कथावाचिका योगशक्ति ब्रह्माकुमारी भारती ने व्यासपीठ से श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान का आगाज करते कहा कि सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही मनुष्य का कल्याण संभव है। सभी को धर्म मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। सभी को परमात्मा का ध्यान कर बुराई एवं पापों से बचना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि परिवार, समाज, राष्ट्र व दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान है श्रीमद भगवद गीता में है। कहे कि जीवन की शायद ही कोई ऐसी समस्या है, जिसका समाधान भगवद गीता में नहीं मिले। यही वजह है कि श्रीमद भगवद गीता न सिर्फ भारत, बल्कि पूरे विश्व का महान धर्म ग्रंथ है। सम्पूर्ण मानव जाति को गीता से जीवन जीने की कला प्राप्त होती है। मानव जाति को एक नई दिशा देती है। अनादि काल से हर वक्त जब भी कोई आत्मा राह भटक गई या जीवन में भ्रमित हुई तो उस समय किसी न किसी रूप में गीता उसका मार्गदर्शन करती है। यही एक ग्रंथ है, जिसमें भगवान का महावाक्य सुनने को मिलता है। गीता में जीवन के हर सवाल का जवाब है। मनुष्य की मनःस्थिति के अलावा पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय व वैश्विक स्थिति का समाधान भी श्रीमद भागवद गीता में है। उन्होंने महाभारत में वर्णित पात्रों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पांडव प्रीतबुद्धि थे और कौरव विपरीत बुद्धि। पांडवों की परमात्मा से प्रीत बुद्धि थी। इसलिए उनकी विजय हुई। वही कौरवों की परमात्मा से विपरीत बुद्धि थी।

कथा वाचक भारती ने बताया कि 24 से 30 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 02 से 05 बजे तक होगा। वही प्रतिदिन प्रातः 05 बजे से ध्यान योग के साथ साथ स्वस्थ्य शरीर के लिए म्यूजिकल एक्सरसाइज का भी आयोजन किया गया है। जिसमें ग्राम के सभी वर्ग के लोग आकर लाभ ले सकते है। ब्रह्मकुमारीज, गीता पाठ शाला संचालक ब्रह्माकुमार गणेश भाई आयोजक समिति के सदस्य वस्तु लाल पटेल, भागवत राम साहू, रामानंद चंद्राकर, प्रकाश पटेल एवं पीतांबर पटेल, प्राणनाथ, पुनेश साहू, संस्थान के सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। गायत्री बहन ने ग्राम एवं क्षेत्रवासियों को गीता ज्ञान में पुण्य लाभ करने के लिए अपील किए। उद्घाटन सत्र में ग्रामवासी, महिलाएं पुरुष बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

## झलप के श्यामनगर में शिव पूजा एवं मड़ई मेला 26 को

**झलप**। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत झलप अंतर्गत श्यामनगर में परंपरागत शिव पूजा एवं मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। आयोजन के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत महासमुंद के सभापति बलविंदर सिंह 'सीटू' सलूजा होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत झलप के सरपंच राकेश साहू करेंगे। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पंचगण एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति द्वारा पारंपरिक पूजा-पाठ के साथ मड़ई मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्रामीण संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी मामा-भांजा (खोकरा) की प्रस्तुति रात्रि 9 बजे से होगी, जो आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन को सफल बनाने में समस्त श्यामनगर ग्रामवासी जुटे हुए है।

